# व्यवसाय आचार संहिता



# कार्यकारी अध्यक्ष का संदेश


Sulzer लागू कानून के अंतर्गत और उनके अनुपालन में उच्च नैतिक मानकों के अनुसार अपना व्यवसाय करने के लिए प्रतिबद्ध है- और अपने कर्मचारियों को-प्रतिबद्ध करती है।

Sulzer लागू कानून के अंतर्गत और उनके अनुपालन में उच्च नैतिक मानकों के अनुसार अपना व्यवसाय करने के लिए प्रतिबद्ध है- और अपने कर्मचारियों को-प्रतिबद्ध करती है।


यह न केवल Sulzer और इसके कर्मचारियों की प्रतिष्ठा बनाए रखने और संभावित सिविल एवं आपराधिक दंड की रोकथाम की दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि हमारे मूल्यों को भी प्रतिबिंबित करता है और इसलिए यह Sulzer, इसके कर्मचारियों, शेयरधारकों, ग्राहकों और अन्य पणधारकों के सर्वोत्तम हित में है।

चूँकि व्यवसाय जगत की जटिलताएं बढ़ती जा रही हैं जिनमें अनेक ऐसे कानून और विनियम शामिल हैं जो हमारे व्यवसायिक निर्णयों को क्रियान्वित करते हैं, इसलिए Sulzer की व्यवसाय आचार संहिता ("संहिता") आपके लिए महत्वपूर्ण दिशानिर्देश है ताकि आप व्यवसाय के मानकों पर हमारी अपेक्षाओं को पूरा कर सकें । कृपया विषयसामग्री को ध्यानपूर्वक पढ़ें क्योंकि Sulzer की कार्यप्रणाली में अंतर्निहित उच्च नैतिक मानकों को बनाए रखना आपकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। इसका अर्थ है- संदेह होने पर परामर्श करना, संगत प्रशिक्षणों में हिस्सा लेना और उन स्थितियों की रिपोर्ट करना जो लागू कानूनों या नैतिक मानकों के प्रतिकूल हो सकती हैं।

विंटरथुर (Winterthur), नवंबर १, २०२२



Suzanne Thoma, कार्यकारी अध्यक्ष


# व्यवसाय आचार संहिता


कार्यकारी अध्यक्ष का संदेश ..... १

१. बुनियादी सिद्धांत ..... ३
२. रिकॉर्डों की सत्यता और पूर्णता ..... ३
३ व्यापार विरोधी और अनुचित प्रतिस्पर्धा ..... ४
४. हितों संबंधी विवाद (Conflict of interest) ..... ४
५. रोजगार संबंधी मुद्दे ..... ५
६. रिश्वत, भ्रष्टाचार, व्यवसायिक समझौते ..... ६
६.१ सामान्य ..... ६
६.२ सरकारी अनुबंध ..... ६
६.३ राजनैतिक अंशदान ..... ६
६.४ व्यवसायिक समझौते ..... ७
६.५ Sulzer भ्रष्टाचाररोधी और रिश्वतरोधी दिशानिर्देश ..... ७
७. अन्यपक्षों के साथ सहयोग ..... ७
८. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रतिबंध और बहिष्कार ..... ७
९. धोखाधड़ी और चोरी ..... ७
१० कंपनी संबंधी आंतरिक जानकारी इस्तमाल करके किया गया व्यापार (Insider trading) ..... ८
११. पर्यावरण, सुरक्षा और स्वास्थ्य ..... ८
१२. कंपनी की परिसंपत्तियाँ और कंपनी से संबंधित जानकारी, मीडिया के साथ संपर्क ..... ९
१३. इस संहिता की जिम्मेदारियाँ और इनका उल्लंघन करनेपर होनेवाले परिणाम ..... ९

हम उन सभी घटनाओं की जानकारी देते हैं जो हमारे सद्भाव निर्णय के हिसाब से कानूनों, विनियमों या कंपनी की नीति के उल्लंघन या कदाचार के प्रति चिंताएं उत्पन्न करती हैं।

## १. बुनियादी सिद्धांत

**१.१** इस संहिता का उद्देश्य Sulzer की व्यवसाय गतिविधियों से संबंधित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में व्यवसाय संबंधी व्यवहार के लिए दिशानिर्देश प्रदान करना है। इस संहिता में वेसभी स्थितियाँ शामिल नहीं है जहाँ अनुपालन या नैतिक व्यवहार की अपेक्षा संभव है लेकिन यह उन न्यूनतम मानकों और मनोभावों को सामने लाती है जो कि हमारे व्यवसाय करने के तरीके के लिए मूलभूत आवश्यकताएं हैं।

**१.२** Sulzer के कुछ बुनियादी मूल्यों और सिद्धांतों में निम्नलिखित बातें शामिल हैं:

**क)** हम सभी लागू कानूनों और विनियमों तथा आंतरिक विनियमों, निर्देशों तथा दिशानिर्देशों का सम्मान और पालन करते हैं। इसका अर्थ है:
- हम रिश्वत देते या लेते नहीं। हम उपहार देते या लेते नहीं जिससे कोई विवाद उत्पन्न हो, जिससे उन मानकों का उल्लंघन हो सकता है जिनके साथ हम काम कर रहे हैं या उस कानून का उल्लंघन हो सकता है।
- हम ऐसे किसी काम या भूल-चूक में हिस्सा नहीं लेते जिन्हें लागू प्रतिस्पर्धा व्यापार विरोधी कानूनों का उल्लंघन माना जा सके जैसे कि प्रतिस्पर्धियों के साथ संवेदनशील आँकड़ों का लिखित या शाब्दिक आदान-प्रदान करना।
- हम हितों के विवाद से बचते हैं और यथाशीघ्र संभावित विवादों का खुलासा करते हैं।
- हम अपनी गोपनीयता और स्वामित्व जानकारी के अनधिकृत उपयोग को सुरक्षित रखते हैं।
- हम अपने तकनीकी कौशल और बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करते हैं और उन्हें सुरक्षित रखते हैं।

**ख)** हम, हर उस देश की अच्छी कॉर्पोरेट नागरिकता के स्थानीय रूप से स्वीकृत मानकों का अनुसरण करते हैं जहाँ पर हम व्यावसाय करते हैं।

**ग)** हमेऐसे कार्य वातावरण को प्रोत्साहित करना और उसे कायम रखना है जो पारस्परिक सम्मान, उदारता और व्यक्तिगत सत्यनिष्ठा को बढ़ावा देता है और हम अंतर्राष्ट्रीय रूप से घोषित मानवाधिकारों के संरक्षण का समर्थन और सम्मान करते हैं।

**घ)** हम उन सभी घटनाओं की जानकारी देते हैं जो हमारे सद्भाव निर्णय के हिसाब से कानूनों, विनियमों या कंपनी की नीति के उल्लंघन या कदाचार के प्रति चिंताएं उत्पन्न करती हैं। रिपोर्टें निम्नलिखित व्यक्तियों या विभागों को भेजी जा सकती हैं
- पर्यवेक्षक या प्रबंधक
- कंपनी, प्रभाग या कॉर्पोरेट अनुपालन अधिकारी
- कंपनी के कानूनी सलाहकार
- Corporate legal department (कॉर्पोरेट विधि विभाग)
- Sulzer के लोकपाल
- Sulzer Compliance Hotline *www.sulzercompliancehotline.com*
- समूह सामान्य परामर्शदाता

**१.३** उपयोगी जानकारी Sulzer इंट्रानेट पर देखी जा सकती है।

हम व्यवसाय रिकॉर्ड सहीऔर पूर्ण रखते हैं।

## २. रिकॉर्डों की सत्यता और पूर्णता

**२.१** हम व्यवसाय रिकॉर्ड सहीऔर पूर्ण रखते हैं। हमारे सभी व्यापार सौदों को Sulzer के लेखा कार्य एवं वित्तीय रिपोर्टिंग सिद्धांतो के अनुसार पूरी तरह और निष्पक्षता से रिकॉर्ड किया जाना चाहिए और रिकॉर्डों को Sulzer कंपनी के उस रिकॉर्ड प्रतिधारण कार्यक्रम के अनुसार रखा या नष्ट किया जाता है जिसके साथ आपको रोजगार मिला हैया जिसके साथ आप ("कंपनी")समझौता कर चूके हैं।

**२.२** Sulzer या इसकी किसी भी सहयोगी कंपनी की बहियों अथवा रिकॉर्डों में किसी भी वज़ह से झूठी या गुमराह करने वाली प्रविष्टियाँ नहीं की जानी चाहिए और कोई भी कर्मचारी ऐसे किसी काम में शामिल नहीं होगा जिसकापरिणाम ऐसे प्रतिबंधित कार्य हों।

## ३. व्यापार विरोधी और अनुचित प्रतिस्पर्धा

Sulzer की अपेक्षा है कि लागू होने वाले व्यापार विरोधी और प्रतिस्पर्धा कानूनों का पूरी तरह अनुपालन किया जाए

**३.१** निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा मुक्त उद्यम प्रणाली का बुनियादी सिद्धांत है और Sulzer इसका पूरी तरह से समर्थन करती है। इसलिए, Sulzer की अपेक्षा है कि लागू होने वाले व्यापार विरोधी और प्रतिस्पर्धा कानूनों का पूरी तरह अनुपालन किया जाए, जिनमें अन्य कानूनों के अलावा अनुचित व्यापार प्रथाओं की रोकथाम करने वाले कानून और व्यापार के प्रतिबंध (सामूहिक रूप से "विश्वास विरोधी कानून") शामिल हैं।

**३.२** Sulzer के सभी कर्मचारियों को लागू होने वाले सभी विश्वास विरोधी कानूनों का पालन करना चाहिए भले ही वे अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय या स्थानीय निकाय द्वारा बनाए गए हों और उन्हें किसी भी प्रतिस्पर्धारोधी व्यवसायों में शामिल नहीं होना चाहिए।

**३.३** विश्वास विरोधी कानून के अंतर्गत आपूर्तिकर्ताएँ (Supplier), ग्राहक और प्रतिस्पर्धी शामिल हैं।विश्वास विरोधी कानून एक देश से दूसरे देश में अलग होते हैं, और ऐसे होते हुए भी इनके अंदर निम्नलिखित कार्य निषिद्ध तौर पर समाविष्ट किए गए हैं:

**क)** **मूल्य निर्धारण** मूल्यों, बिक्री के निर्बधनों या शर्तों को निर्धारित करने या अन्यथा प्रभावित करने के लिए एक या अनेक प्रतिस्पर्धियों के साथ मूल्य निर्धारण समझौता (भले ही औपचारिक या दूसरा कोई)

**ख)** **बाजार/ग्राहक आवंटन** बाजार और/ या ग्राहकों को विभाजित करने के लिए एक या अनेक प्रतिस्पर्धियों के साथ बाजार/ग्राहक आवंटन समझौता (भले ही औपचारिक या दूसरा कोई)

**ग)** **बोली संचालन** बोली लगाने से बचने के लिए, किसी खास मूल्य पर बोली लगाने के लिए या ऐसी बोली पेश करने के लिए, जिसे प्रतिस्पर्धी की बोली के मुकाबले कम अनुकूल माना जाए, एक या अनेक प्रतिस्पर्धियों के साथ चतुराईपूर्ण बोली संचालन समझौता (भले ही औपचारिक या दूसरा कोई)

**घ)** **संवेदनशील जानकारी साझा करना** व्यापार, पेशेवर एसोसिएशन या अन्य किन्हीं बैठकों में प्रतिस्पर्धियों से और/या प्रतिस्पर्धियों को संवेदनशील जानकारी साझा करना, संवेदनशील जानकारियों को प्राप्त या प्रदान करना (उदाहरण के लिए वर्तमान या भविष्य की कीमतों, लाभ मार्जिनों या लागतों, बोलियों, बाजार शेयरों, वितरण प्रथाओं, बिक्री की शर्तों, उत्पादन योजनाओं से संबंधित)

**३.४** प्रतिस्पर्धियों या किन्ही भी अन्यपक्षों के साथ समस्त समझौतेजिनमें ऐसी धाराएं हैं जिनका प्रतिस्पर्धा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता हो (उदाहरण के लिए, विशेष रूप से, मूल्य निर्धारण, संबंध, क्षेत्रीय प्रतिबंध, कीमत भेदभाव, गैर-प्रतिस्पर्धा और संवेदनशील तकनीकी या व्यावसायिक जानकारियों का आदान-प्रदान) की समीक्षा की जानी चाहिए और विश्वास विरोधी कानूनों के विधिक अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए अपने अधिवक्ता द्वारा अनुमोदित कराया जाना चाहिए।

**३.५** यदि विश्वास विरोधी कानूनों के किसी भी पहलू के बारे में आपके कोई सवाल हैं तो कृपया Sulzer इंट्रानेट पर हमारे विश्वास विरोधी/प्रतिस्पर्धा कानून दिशानिर्देशों की सहायता लें (उपर्युक्त अनुच्छेद १.३देखें) और/ या इन-हाउस अधिवक्ता से परामर्श करें।

## ४. हितों संबंधी विवाद (Conflict of interest)

यह सुनिश्चित करना Sulzer के सभी कर्मचारियों का कर्तव्य है कि उनके बाहरी हित कंपनी में उनके दायित्वों के साथ कोई बाधा उत्पन्न न करें।

**४.१** यह सुनिश्चित करना Sulzer के सभी कर्मचारियों का कर्तव्य है कि उनके बाहरी हित कंपनी में उनके दायित्वों के साथ कोई बाधा उत्पन्न न करें। इसलिए, आपको ऐसी स्थितियों से बचना चाहिए जिनमें आपके अपने (प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष) व्यक्तिगत हित, बाहरी गतिविधियाँ, संबंध या वित्तीय हित Sulzer के हितों के साथ विवाद उत्पन्न करे या उत्पन्न होने की संभावना प्रतीत करे।

**४.२** कोई संभावित हितों संबंधी विवाद या उनका आभास निर्माण हो तोआपको अपने लाइन प्रबंधक, स्थानीय अनुपालन अधिकारी या अपने किसी अधिवक्ता को सूचित करना चाहिए ताकि Sulzer यह निर्धारित कर सके क्या हितों का टकराव मौजूद है और स्थिति का सर्वोत्तम समाधान निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कैसे किया जाए।





**४.३ संभावित विवादों के उदाहरण**

**क)** परिवार से सदस्य और करीबी निजी संबंध: किसी करीबी मित्र या परिवार के सदस्य द्वारा प्रबंधित किए जा रहे व्यवसाय के साथ अनुबंध करना।

**ख)** कंपनी से बाहर रोजगार/असाइनमेंट: Sulzer के किसी आपूर्तिकर्ता, ग्राहक या प्रतिस्पर्धी के परामर्शदाता, निदेशक या अधिकारी के रूप में काम करना

**ग)** महत्वपूर्ण स्वामित्व हित: उन कंपनियों में निवेश करना जिनके साथ Sulzer के व्यावसायिक संबंध हैं या व्यापार करने संबंधित कोशिशें जारी हैं जो Sulzer के प्रतिस्पर्धियों के रूप में काम करती हैं

**४.४** Sulzer कर्मचारियों की अपने पूर्व नियोक्ताओं के साथ उनकी संभावित अनुबंध संबंधी बाध्यताओं का सम्मान करती है और हित संबंधी विवादों के उत्पन्न होने से बचती है

## ५. रोजगार संबंधी मुद्दे

**५.१** Sulzer निष्पक्ष और भेदभावरहित ऐसी रोजगार संबंधी कार्य प्रदान करने के प्रति वचनबद्ध है जिनमें लागू होने वाले कानूनों का अनुपालन करते हुए समान रोजगार अवसर प्रदान करना शामिल है।

Sulzer निष्पक्ष और भेदभावरहित ऐसी रोजगार संबंधी कार्य प्रदान करने के प्रति वचनबद्ध है जिनमें लागू होने वाले कानूनों का अनुपालन करते हुए समान रोजगार अवसर प्रदान करना शामिल है।

**क)** Sulzer भिन्न सांस्कृतिक पृष्ठभूमियों का सम्मान करती है और समस्त रोजगार एवं श्रम कानूनों का पालन करने के प्रति वचनबद्ध है जिनमें लागू होने वाले कानूनों के तहत रोजगार में सभी प्रकार के बंधुआ और अनिवार्य श्रम (बाल श्रम सहित) को समाप्त करने और सभी प्रकार के भेदभाव पर रोक लगाने संबंधी कानून शामिल हैं।

**ख)** Sulzer अपने कर्मचारियों को काम, परिवार और निजी विकास प्रतिबद्धताओं में संतुलन बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करती है।

**ग)** Sulzer में काम पर रखना और प्रोन्नयन व्यक्तिगत कौशलों, योग्यताओं और निष्पादनों पर आधारित होता है। Sulzer विविधता के प्रति दृढ़ता से प्रतिबद्ध है और अपने सभी कर्मचारियों को लिंग, जाति, रंग, आयु, धर्म, राष्ट्रीय मूल या अन्य भेदभावपूर्ण कारकों के बिना समान रोजगार अवसर प्रदान करती है।

**घ)** कर्मचारियों की शिकायतों की समीक्षा, जाँच-पड़ताल की जाती है और समयबद्ध आधार पर उनका उत्तर दिया जाता है।

**ड़.)** Sulzer प्रबंधकों और उनके दलों के बीच खुले और नियमित संप्रेषण को प्रोत्साहित करती है।

**५.२** Sulzer के कर्मचारियों के विचार और उपलब्धियाँ Sulzer की सबसे महत्वपूर्ण परिसंपत्तियाँ हैं जिन्हें हर हाल में सुरक्षित रखा जाना चाहिए। इससे संबंधित विस्तृत जानकारी Sulzer सूचना प्रौद्योगिकी उपयोग नीति में उपलब्ध है जिसे Sulzer इंट्रानेट पर देखा जा सकता है (कृपया उपर्युक्त अनुच्छेद १.३देखें)।

**५.३** Sulzer ने कर्मचारी के गैर कानूनी उत्पीड़न (जैसे भाव भंगिमाओं, भाषा और शारीरिक संपर्क), यौन संबंध बनाना, उत्पीड़न, दुरूपयोग या शोषण करने वाले संकेतार्थों के संबंध में दंड देने की नीति अपना रखी है और सभी कर्मचारियों से अपेक्षा करती है कि वे उन देशों में, जहाँ वे काम या व्यापार करते हैं, यौन संबंधी या उत्पीड़न के अन्य प्रकारों के बारे में लागू होने वाले नियमों का पालन करेंगे और उनका सम्मान करेंगे।

**५.४** अपने कर्मचारियों के लिए सुरक्षित कार्य वातावरण पैदा करना Sulzer की नीति है। धमकियों, धमकी देने वाले व्यवहार, डराने-धमकाने, प्रहार करने और ऐसे ही आचरण समेत कार्यस्थल पर हिंसा को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सुरक्षा या दूसरों की सुरक्षा से संबंधित किसी खतरे या चिंताओं के बारे में तत्काल पर्यवेक्षक, मानव संसाधन प्रबंधक, स्थानीय अनुपालन अधिकारी या Sulzer अनुपालन हॉटलाइन को बताया जाना चाहिए (उपर्युक्त अनुच्छेद १.३देखें)। पर्यवेक्षक या मानव संसाधन विभाग से लिखित अनुमति के बिना Sulzer के किसी भी कार्यस्थल पर अग्निशस्त्र लाने की अनुमति नहीं है।

**५.५** Sulzer के सभी कर्मचारियों से अपेक्षा है कि वे अपने व्यवसाय को नशीली दवाओं या शराब की वज़ह से खराब न होने देने का निर्णय लें। नशीली दवाएं और शराब दूसरों की सुरक्षा को बुरी तरह खतरे में डाल सकती हैं और कार्य के दौरान गैर कानूनी दवाओं एवं शराब का वितरण और उपयोग सख्ती से प्रतिबंधित है, भले ही वह कोई भी स्थान हो।

**५.६** Sulzer द्वारा दी जाने वाली मजदूरी किए जाने वाले काम के हिसाब से पर्याप्त होती हैं और Sulzer कानून द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी देती है।

**५.७** लागू कानून के तहत अनुमत्य सीमा तक, Sulzer अपने कर्मचारियों की एसोसिएशन की स्वतंत्रता और स्थानीय कानून के दायरों के भीतर मोलभाव करने के सामूहिक अधिकारों का सम्मान करती है। कर्मचारियों के प्रतिनिधियों का न तो पक्ष लिया जाता है और न ही भेदभाव किया जाता है।

## ६. रिश्वत, भ्रष्टाचार, व्यवसायिक समझौते

Sulzer रिश्वत देने को कड़ाई के साथ प्रतिबद्ध करता है, भले ही इसे प्राप्त करने वाला कोई सरकारी कर्मचारी हो या किसी निजी ग्राहक का कोई कर्मचारी।

**६.१ सामान्य** Sulzer रिश्वत देने को कड़ाई के साथ मनाही करता है, भले ही इसे प्राप्त करने वाला कोई सरकारी कर्मचारी हो या किसी निजी ग्राहक का कोई कर्मचारी।

रिश्वतखोरी को किसी व्यक्ति के व्यावसायिक आचरण में अपने अनुकूल व्यवहार हासिल करने या कराने की दृष्टि से किसी भी व्यक्ति को या उससे किसी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष पेशकश या किसी उपहार, ऋण, शुल्क, पुरस्कार या अन्य लाभ प्राप्त करने के रूप में व्यापक रूप से पारिभाषित किया गया है और समझा गया है।

**६.२ सरकारी अनुबंध**

**क)** Sulzer लागू होने वाले सभी भ्रष्टाचाररोधी और रिश्वतरोधी नियमों का कड़ाई से पालन करती है और Sulzer के किसी भी कर्मचारी या एजेंट या अन्य अन्यपक्ष के मध्यस्थ को अनुचित भुगतान करने या सरकारी कर्मचारियों को अनुचित लाभ प्रदान करने से कड़ाई से रोकती है जिनमें सरकारी शाखाओं या एजेंसियों के सभी सिविल सेवक और कर्मचारी तथा उन कॉर्पोरेशनों के कर्मचारी शामिल हैं जिनपर मुख्य रूप से सरकारी संस्थाओं की पकड़ या नियंत्रण है।

**ख)** संघीय, राज्य और स्थानीय सरकार या सरकार के स्वामित्व अथवा नियंत्रण वाली कंपनियों को की जाने वाली बिक्री के कड़े विनियम हैं जिनका पालन किया जाना चाहिए। इसलिए, किसी भी सरकारी एजेंसी या सरकार के स्वामित्व अथवा नियंत्रण वाली कंपनी को भेजे जाने वाले बोली अनुरोधों की समस्त प्रतिक्रियाओं की समीक्षा ऐसे व्यक्ति द्वारा की जानी चाहिए जो ऐसी बोलियों से संबंधित अनुपालन अपेक्षाओं से परिचित हो।

**ग)** इस बात का भी ध्यान रखा जाना चाहिए कि कंपनी और किसी सरकारी कर्मचारी के बीच रोजगार व्यवस्थाओं से संबंधित किसी भी बात पर विचार-विमर्श नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि मामले की समीक्षा मानव संसाधन विभाग या किसी उपयुक्त अपने अधिवक्ता द्वारा न कर ली जाए।

**६.३ राजनैतिक अंशदान** Sulzer राजनैतिक अंशदान की अनुमति नहीं देती। एकमात्र अपवाद स्विट्ज़रलैंड हो सकता है जहाँ किसी भी राजनैतिक अंशदान के लिए CEO के पूर्व अनुमोदन की जरूरत होती है।

६.४ **व्यवसायिक समझौते** उपहारों, मनोरंजन, ग्राहक यात्राओं और रहन-सहन के खर्चों के लिए तर्कसंगत और सीमित व्यय की अनुमति दी जा सकती है बशर्ते वे उत्पादों या सेवाओं को बढ़ावा देने या किसी अनुबंध के कार्यान्वयन से प्रत्यक्ष रूप से संबंधित हों और बशर्ते ये लाभ Sulzer या Sulzer के व्यवसाय भागीदारों के लिए कोई हित टकराव पैदा न करें या इससे लागू होने वाले कानून अथवा हमारे व्यवसाय भागीदारों के आंतरिक नियमों का उल्लंघन न हो।

६.५ **Sulzer भ्रष्टाचाररोधी और रिश्वतरोधी दिशानिर्देश**(भुगतान करने और मध्यस्थों के साथ सौदे करने सहित) अतिरिक्त परिभाषाओं, ब्यौरों और स्पष्टीकरणों के लिए कृपया "Sulzer भ्रष्टाचाररोधी और रिश्वतरोधी दिशानिर्देश" का संदर्भ लें जो Sulzer इंट्रानेट पर उपलब्ध है ( इस संहिता का अनुच्छेद १.३देखें)।

लागू होने वाले भ्रष्टाचाररोधी और रिश्वतरोधी कानूनों में उल्लिखित कानूनी अपेक्षाओं से बच निकलने के लिए अन्यपक्षों जैसे कि एजेंट, परामर्शदाता या अन्य सेवा प्रदाता, लेकिन यह यहीं तक सीमित नहीं है, के उपयोग को प्रतिबंधित करने के कानूनों को Sulzer कड़ाई से लागू करती है।

## ७. अन्यपक्षों के साथ सहयोग

७.१ यह सुनिश्चित करने के हरसंभव तर्कसंगत प्रयास किए जाएंगे कि Sulzer के उत्पादों और/या सेवाओं की बिक्री से संबद्ध अन्यपक्षों, जैसे कि परामर्शदाता, एजेंट और वितरक, के साथ अनुबंधों के ऐसे लिखित प्रावधान हों जिनमें उल्लेख हो कि ऐसे अन्यपक्ष इस संहिता में शामिल संबंधित सिद्धांतों का पालन करने का वचन देते हैं।

७.२ Sulzer अपने संगठन में, लागू होने वाले भ्रष्टाचाररोधी और रिश्वतरोधी कानूनों में उल्लिखित कानूनी अपेक्षाओं से बच निकलने के लिए अन्यपक्षों जैसे कि एजेंट, परामर्शदाता या अन्य सेवा प्रदाता, लेकिन यह यहीं तक सीमित नहीं है, के उपयोग को प्रतिबंधित करने के कानूनों को कड़ाई से लागू करती है।

७.३ Sulzer ऐसे व्यवसाय भागीदारों के साथ सहयोग नहीं करता जो मूलभूत मानवाधिकारों का उल्लंघन करते हैं जैसे कि बंधुआ और अनिवार्य श्रम या बाल श्रम का उपयोग करना।

७.४ Sulzer इस संहिता में दिए गए सिद्धांतों को लागू करने के लिए अपने आपूर्तिकर्ताओं को प्रोत्साहित करती है।

सभी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानूनों और विनियमों के प्रतिबंधों और अपेक्षाओं का पूरी तरह से पालन करना Sulzer की नीति है

## ८. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रतिबंध और बहिष्कार


विश्व बाजार में व्यापार करने की Sulzer की योग्यता विभिन्न देशों और संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों द्वारा जारी किए गए विनियमों से प्रतिबंधित है। प्रौद्योगिकी के मात्र उदघाटन को निर्यात माना जा सकता है। सभी अंतर्राष्ट्रीय व्यापार कानूनों और विनियमों के प्रतिबंधों और अपेक्षाओं का पूरी तरह से पालन करना Sulzer की नीति है और इन क्षेत्रों में शामिल सभी कर्मचारियों को उनके व्यवसाय को प्रभावित करने वाले स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय कानूनों से परिचित होना चाहिए। संदेह होने पर, आपको अपने स्थानीय निर्यात नियंत्रण विशेषज्ञ या अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अनुपालन अधिकारी से सलाह लेनी चाहिए जिनकी निर्यात नियंत्रण मामलों से संबंधित Sulzer इंट्रानेट के विशेष साझा बिंदु तक पहुँच होती है। (इस संहिता का अनुच्छेद १.३देखें)।


यह सुनिश्चित करना Sulzer की नीति है कि Sulzer कंपनी से संबंधित धोखाधड़ी, गबन और चोरी की घटनाओं की तत्काल जाँच की जाए, उसकी रिपोर्ट की जाए और जहाँ कहीं भी उचित हो, व्यक्तियों पर मुकदमा चलाया जाए और नौकरी से बर्खास्त किया जाए।

## ९. धोखाधड़ी और चोरी

९.१ यह सुनिश्चित करना Sulzer की नीति है कि Sulzer कंपनी से संबंधित धोखाधड़ी, गबन और चोरी की घटनाओं की तत्काल जाँच की जाए, उसकी रिपोर्ट की जाए और जहाँ कहीं भी उचित हो, व्यक्तियों पर मुकदमा चलाया जाए और नौकरी से बर्खास्त किया जाए।

९.२ किसी भी संदिग्ध घटना की रिपोर्ट तत्काल या तो कंपनी के लिए उत्तरदायी अनुपालन अधिकारी को या Sulzer अनुपालन हॉटलाइन को की जानी चाहिए जहाँ गुमनाम रूप से भी रिपोर्टें दर्ज की जा सकती हैं। Sulzer अनुपालन हॉटलाइन के ब्यौरे Sulzer इंट्रानेट पर देखे जा सकते हैं (इस संहिता का अनुच्छेद १.३देखें)।







## १०. कंपनी संबंधी आंतरिक जानकारी इस्तमाल करके किया गया व्यापार (Insider trading)

सभी कर्मचारियों का न्यासी कर्तव्य है कि वे Sulzer या ऐसी इनसाइड जानकारी के उपयोग से संभावित रूप से प्रभावित कंपनियों के शेयर, डेरिवेटिव या अन्य प्रतिभूतियों में तब तक कारोबार न करें जब तक कंपनी इस प्रकार की आंतरिक जानकारी से संभावित रूप से प्रभावित नहीं हो या ऐसी जानकारी का खुलासा किसी अन्य व्यक्ति से न करें जब तक कि इस तरह की जानकारी को सार्वजनिक न किया जाए।

**१०.१** इनसाइडर ट्रेडिंग कंपनी के बारे में असार्वजनिक जानकारी तक संभावित पहुँच रखने वाले व्यक्तियों द्वारा किसी कंपनी, उदाहरण के लिए, Sulzer के शेयर या बॉन्ड या शेयर विकल्प जैसी अन्य प्रतिभूतियों का कारोबार होती है। अधिकांश देशों में, यदि कॉर्पोरेट के अंदरूनी व्यक्तियों द्वारा कारोबार इस प्रकार से किया जाता है जो कि असार्वजनिक जानकारी का लाभ उठाता है तो यह कारोबार गैर कानूनी है।

**१०.२** आंतरिक जानकारी को व्यापक रूप से पारिभाषित किया गया है और उदाहरण के लिए इसे निम्नलिखित से सम्बद्ध किया जा सकता है

**क)** **वित्तीय परिणाम** (अर्थात संभावित लाभ या हानियाँ)
**ख)** **रणनीतिक योजनाएं** (उदाहरण के लिए अधिग्रहण, रणनीतिक गठबंधन, अधिकार-हरण, विलयन)
**ग)** **उत्पाद विकास**
**घ)** **पूँजीगत ढांचे में परिवर्तन**

**१०.३** Sulzer निवेश गतिविधियों में शामिल होने के अपने कर्मचारियों के अधिकार का सम्मान करती है और कर्मचारियों को Sulzer के शेयर लेने के लिए प्रोत्साहित करती है। तथापि, सभी कर्मचारियों का न्यासी कर्तव्य है कि वे Sulzer या ऐसी इनसाइड जानकारी के उपयोग से संभावित रूप से प्रभावित कंपनियों के शेयर, डेरिवेटिव या अन्य प्रतिभूतियों में तब तक कारोबार न करें जब तक कंपनी इस प्रकार की आंतरिक जानकारी से संभावित रूप से प्रभावित नहीं हो या ऐसी जानकारी का खुलासा किसी अन्य व्यक्ति से न करें जब तक कि इस तरह की जानकारी को सार्वजनिक न किया जाए। इन सिद्धांतों का उल्लंघन आपराधिक और सिविल अभियोग का विषय है।

## ११. पर्यावरण, सुरक्षा और स्वास्थ्य

सभी कर्मचारी पर्यावरण और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी नियम और प्रथाओं का पालन करके सुरक्षित रहने और स्वास्थ्यकर कार्यस्थल बनाए रखने तथा दुर्घटनाओं, घटनाओं और असुरक्षित उपकरणों, प्रथाओं और स्थितियों की रिपोर्ट करने के प्रति उत्तरदायी हैं।

**११.१** व्यावसायिक स्वास्थ्य और सुरक्षा Sulzer की महत्वपूर्ण प्राथमिकता है और Sulzer अपने कर्मचारियों को सुरक्षित एवं स्वास्थ्यकर कार्यस्थल प्रदान करने के लिए वचनबद्ध है। इसलिए, Sulzer प्रत्येक कंपनी में दुर्घटनाओं की बारंबारता और साथ ही दुर्घटना की गंभीरता दरों को कम करने का प्रयास करती है। सभी कर्मचारी पर्यावरण और स्वास्थ्य एवं सुरक्षा संबंधी नियम और प्रथाओं का पालन करके सुरक्षित रहने और स्वास्थ्यकर कार्यस्थल बनाए रखने तथा दुर्घटनाओं, घटनाओं और असुरक्षित उपकरणों, प्रथाओं और स्थितियों की रिपोर्ट करने के प्रति उत्तरदायी हैं। Sulzer के सभी कर्मचारियों से अपेक्षा है कि वे स्वयं और अन्यों को बचाने की दृष्टि से अपनी कंपनी के स्वास्थ्य और सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन करें।

**११.२** Sulzer में, हम जानते हैं और इनका पालन करते हैं

**क)** व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य विनियमों के स्थानीय मानदंड, या
**ख)** यदि स्थानीय मानदंड नहीं हैं या सुरक्षा और स्वास्थ्य की समुचित रूप से रक्षा करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं या यदि ऐसे आंतरिक नियमों के साथ अधिक कड़े आंतरिक नियम मौजूद हैं, या
**ग)** यदि ऐसे आंतरिक नियम नहीं हैं तो अपने सर्वोत्तम अंतर्राष्ट्रीय प्रथा सिद्धांतों का पालन करते हैं।

**११.३** Sulzer लागू होने वाले उद्योग मानकों और संगत सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण संबंधी अपेक्षाओं के अनुसार अपने उत्पाद डिजाइन करने के लिए प्रतिबद्ध है और पर्यावरण संबंधी चुनौतियों के प्रति एहतियाती दृष्टिकोण का समर्थन करती है, पर्यावरण संबंधी बेहतर जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करने की पहल करती है और पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियों के विकास और विस्तार को बढ़ावा देती है।

**११.४** Sulzer अपने ग्राहकों को सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से Sulzer उत्पादों के सुरक्षित परिवहन, निपटान, उपयोग और नष्ट करने के बारे में सलाह देती है।

सभी कर्मचारियों को ध्यान रखना चाहिए कि गोपनीय जानकारी का खुलासा Sulzer के किसी भी भीतरी या बाहरी अनाधिकृत व्यक्ति को न होने पाए और उन्हें ऐसी जानकारी की गोपनीयता की रक्षा अन्यपक्षों से करानी चाहिए, जैसे ग्राहक या आपूर्तिकर्ता।

## १२. कंपनी की परिसंपत्तियाँ और कंपनी से संबंधित जानकारी, मीडिया के साथ संपर्क

**१२.१** सभी कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे Sulzer की संपत्ति की ध्यान से देखभाल करें और क्षति, नष्ट होने और चोरी से इसकी रक्षा करें। Sulzer की गोपनीय जानकारी (तकनीकी, वाणिज्यिक और कानूनी जानकारी शामिल लेकिन यहीं तक सीमित नहीं) और व्यापार सीक्रेट महत्वपूर्ण कॉर्पोरेट परिसंपत्तियाँ हैं और भौतिक परिसंपत्तियों की तरह ही उनकी रक्षा की जानी चाहिए। सभी कर्मचारियों को ध्यान रखना चाहिए कि इस तरह की जानकारी का खुलासा Sulzer के किसी भी भीतरी या बाहरी अनाधिकृत व्यक्ति को न होने पाए और उन्हें ऐसी जानकारी की गोपनीयता की रक्षा अन्यपक्षों से करानी चाहिए, जैसे ग्राहक या आपूर्तिकर्ता।

**१२.२** गोपनीय जानकारी के कुछ उदाहरण

**क)** चालू या नियोजित उत्पादों और/या प्रक्रियाओं के बारे में तकनीकी जानकारी
**ख)** अधिप्राप्त योजनाएं, विक्रेता सूची या खरीद मूल्य
**ग)** लागत, मूल्यनिर्धारण, विपणन या सेवा रणनीतियाँ
**घ)** ग्राहक के नामों और पतों सहित ग्राहक डाटा और Sulzer के साथ ग्राहक के सौदों के बारे में जानकारी
**ड़.)** गैर सार्वजनिक आय रिपोर्टें और अन्य वित्तीय रिपोर्टें
**च)** विनिवेश, विलय और अधिग्रहण से संबंधित जानकारी(डाइव्हेस्टिचर्स, मर्जर्स व ऍक्विझिशन)

**१२.३** Sulzer द्वारा विशेष रूप से अधिकृत व्यक्ति के अलावा किसी भी कर्मचारी (कर्मचारियों के प्रतिनिधियों को उनकी विषयवस्तु के संबंध में अधिकृत समझा जाता है) को Sulzer के बारे में या उसको प्रभावित करने वाले किसी भी मामले के संबंध में मीडिया के सदस्यों से न तो बात करनी चाहिए, न ही उनके सवालों का जबाव देना चाहिए। मीडिया के साथ संपर्क केवल इस काम के लिए कॉर्पोरेट, प्रभागीय या स्थानीय स्तर पर निर्धारित किए गए प्रवक्ताओं द्वारा ही किया जाएगा।

**१२.४** Sulzer अपने ग्राहकों और अन्य व्यवसाय भागीदारों या संबंधित पक्षों को अपने उत्पादों और सेवाओं के बारे में समुचित जानकारी देने का सर्वोत्तम प्रयास करती है।

अनुपालन प्रत्येक कर्मचारी का उत्तरदायित्व है।

## १३. इस संहिता की जिम्मेदारियाँ और इनका उल्लंघन करनेपर होनेवाले परिणाम

**१३.१** अनुपालन प्रत्येक कर्मचारी का उत्तरदायित्व है।

**१३.२** Sulzer अपने कर्मचारियों से अपेक्षा रखता है कि वे अपने सद्भावपूर्ण निर्णय के साथ उन सभी घटनाओं की रिपोर्ट करेंगे जो कानूनों, विनियमों या नैतिक मूल्यों का उल्लंघन कर सकती हैं। ऐसी रिपोर्टें अनुच्छेद १.२में उल्लिखित चैनलों के माध्यम से की जानी चाहिए।

१३.३ Sulzer की सभी विधिक संस्थाओं के अध्यक्ष अपने विवेक का उपयोग करते हुए यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी हैं कि उनसे संबंधित कंपनी के कर्मचारी इस संहिता के नियमों और उनके व्यवसाय के लिए संगत कानूनों का पालन करें तथा यह कि उनके कर्मचारी अपने कार्यों के लिए आवश्यक प्रशिक्षण में नियमित रूप से भाग लें।

१३.४ Sulzer एक ऐसे खुले कार्य वातावरण और नैतिक संस्कृति के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है जहाँ कर्मचारी दंड की बजाय. विश्वास के आधार पर संबंध विकसित कर सकें। तथापि, जरूरी होने पर Sulzer रोज़गार की समाप्ति समेत पर्याप्त उपाय करने में, इस संहिता, लागू होने वाले कानूनों का समुचित कार्यान्वयन और अनुपालन सुनिश्चित करने तथा हमारी संहिता में निहित नैतिक सिद्धांतों का सम्मान करने में नहीं हिचकिचाएगी।

## स्वीकृति की घोषणा

मैं इसके साथ यह स्वीकार करता/करती हूँ कि मैंने Sulzer व्यवसाय आचार संहिता को पढ़ और समझ लिया है। मैं इसके नियमों का पालन करने के लिए वचनबद्ध हूँ और समझता/समझती हूँ कि इस संहिता के उल्लंघन से बर्खास्तगी समेत अनुशासनिक दंड दिए जा सकते हैं।

**स्थान,दिनांक** ..........................................

**कर्मचारी का नाम** ..........................................
(मुद्रितअक्षरों में)

**कर्मचारी के हस्ताक्षर** ..........................................

## कृपया इस पृष्ठ को नियोक्ता को लौटा दें

मैं इसके साथ यह स्वीकार करता/करती हूँ कि मैंने Sulzer व्यवसाय आचार संहिता को पढ़ और समझ लिया है। मैं इसके नियमों का पालन करने के लिए वचनबद्ध हूँ और समझता/समझती हूँ कि इस संहिता के उल्लंघन से बर्खास्तगी समेत अनुशासनिक दंड दिए जा सकते हैं।

**स्थान,दिनांक** ........................................................................................................................................

**कर्मचारी का नाम** ........................................................................................................................................
(मुद्रितअक्षरों में)

**कर्मचारी के हस्ताक्षर**........................................................................................................................................